Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है... समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है... तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करें।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें। या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करें

www.detectivegroupreport.com

detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है)



सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 215 | इंदौर, बुधवार 19 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## एग्जाम में खुल्लम-खुल्ला चली नकल...

# मोबाइल और किताबें खोलकर कॉपी में आंसर लिखते रहे परीक्षार्थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

रीवा, एजेंसी. एग्जाम में छात्रों को किताब और मोबाइल रखने की अनुमति नहीं दी जाती है. छात्रों को अपने विवेक से उत्तर लिखने होते हैं. लेकिन इस कॉलेज में एक या दो छात्र नहीं, बल्कि क्लास में मौजूद सभी छात्र खुले आम किताबें खोलकर और मोबाइल से खुल्लम-खुल्ला नकल करते नजर आए. कॉलेज की इस सामूहिक नकल का धड़ल्ले से एक शख्स ने वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया. उच्च शिक्षा विभाग ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लिया है और जांच शुरू कर दी है.



गाइड रखकर नकल करता एक परीक्षार्थी

यह पूरा मामला रीवा जिले के चाकघाट स्थित अर्धशासकीय नेहरू स्मारक कॉलेज का है. कॉलेज में भोजमुक्त विश्वविद्यालय अंतर्गत BA-BSc की परीक्षा आयोजित की जा रही है. परीक्षा के दौरान छात्र खुलेआम किताबें खोलकर कॉपी में लिखते नजर आए.

आरोप है कि छात्रों को परीक्षा की कॉपी में मनमाफिक लिखने की खुली छूट दी गई थी. फिर क्या था, छात्र अपने मोबाइल और किताबें खोलकर कॉपी लिखने लगे. यहां तक कि कई छात्र दूसरे छात्रों की जगह पर बैठे मिले.

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देख जा सकता है कि अलग-अलग कमरों में कई छात्र टेबल पर बैठकर परीक्षा दे रहे हैं. उनके पास मोबाइल भी हैं और किताबें भी हैं. जिससे पेपर के प्रश्नों का उत्तर बड़े आराम से लिख रहे हैं. किसी भी तरह को कोई डर नहीं था, धड़ल्ले से बिना रोक टोक परीक्षा देते रहे.

हैरत की बात यह है कि परीक्षा केंद्र के कमरे में न तो कोई शिक्षक था और न ही जिम्मेदार. बताया जा रहा है कि कॉलेज में नकल कराने का ठेका लिया गया था. इसके लिए छात्रों ने 1 हजार रुपए से लेकर 15 सौ रुपए तक कॉलेज संचालक को दिए थे.

### किताब से नकल करता परीक्षार्थी

सामूहिक नकल का वीडियो वायरल होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग हरकत में आया है. अतिरिक्त संचालक डॉ आरपी सिंह ने बताया कि नेहरू स्मारक कॉलेज में सामूहिक नकल कराए जाने का मामला सामने आया है. विभाग ने जांच के लिए टीम बनाई है. नकल के साथ ही छात्रों से लिए गए रुपए के मामले में भी जांच कराई जाएगी.

## "नक्शा"कार्यक्रम से शहरी नियोजन को मिलेगा बढ़ावा, भूमि संबंधी विवादों में आएगी कमी: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### "नक्शा" कार्यक्रम शहरी भूमि रिकाइर्स के निर्माण और प्रबंधन में लायेगा क्रांति: केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज रायसेन की धरती से राष्ट्रीय स्तर पर शहरी बस्तियों के भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। सरकार की यह पहल शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को सशक्त और उनके जीवन को आसान बनाएगी। साथ ही शहरी नियोजन को बढ़ाएगी और भूमि संबंधी विवादों को कम करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रायसेन में शहरी भूमि सर्वेक्षण ''नक्शा'' के राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ड्रोन उड़ाकर सिटी सर्वेक्षण प्रोग्राम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भूमि सबसे मूल्यवान सम्पत्ति होती है, इसलिए सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता के लिए सटीक और पारदर्शी रिकार्ड होना जरूरी है। नक्शा कार्यक्रम से शहरी क्षेत्रों में ड्रोन के ध्यम से सर्वे कराकर भूमि अभिलेखों का निर्माण और आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिससे भूमि स्वामित्व की पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है।

# इंदौर में आग से 7 दुकानें खाक

### शॉर्ट सर्किट की भेंट चढ़े मिठाई, पूजन सामग्री, पिज्जा पाइंट, गैरेज में खड़ी 15 बाइक स्वाहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, नप्र

**इंदौर**। इंदौर के निपानिया इलाके में बुधवार सुबह आग ने एक के बाद एक करीब 7 दुकानों को चपेट में ले लिया। आग से काफी नुकसान होने की जानकारी सामने आई है। बताया जाता है कि दुकानों का फर्नीचर, गैरेज में खड़ी एक दर्जन से अधिक बाइक आग की चपेट में आ गई। आग पर काबू पाने के लिए करीब 9 टैंकर से ज्यादा पानी डालना पड़ा।

फायर ब्रिगेड के एसआई सुशील दुबे ने बताया कि आग तुलसी नगर इलाके में लगी थी। दो हार्डवेअर, एक मिठाई, एक पूजन सामग्री की दुकान, एक ऑटो गैरेज, एक एल्युमीनियम सेक्शन की दुकान और एक पिज्जा पाइंट पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है। यहां लोगों ने दुकानों से आग की लपटे निकलते देख सुबह



करीब 4 बजकर 20 मिनट पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी थी। इसके बाद फायर टीम की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। करीब चार घंटे से ज्यादा की मशक्कत के बाद आग पर काबू किया गया। आग के चलते सांवरिया दूध भंडार की दुकान में खड़ी एक बाइक और पास की ओम साई ऑटो पार्टस और गैरेज में खड़ी करीब 15 बाइक जल गई। दुबे के मुताबिक सभी दुकानें टीन शेड की बनी हुई थी। जिसमें काफी सामान भरा हुआ था। फायर टीम के मुताबिक आग से अश्विन गुप्ता की इंदौर इंटरप्राइजेस, प्रकाश गुप्ता की एक हार्डवेअर की दुकान, मेहरबान सिंह की सांवरिया स्वीट्स एंड डेयरी, केशव और सीमा की श्रीजी पूजा सामग्री दुकान, राहुल की ओम साई राम ऑटो पार्टस और सरवैया गैरेज, राहुल विश्वकर्मा की महाकाल फेब्रिकेशन और बॉबी की वॉव पिज्जा नाम की दुकान पूरी तरह जल गई। हार्डवेअर की दुकान में लकड़ी का सामान, दरवाजे, मिठाई की दुकान में मशीन, फ्रिज, बाइक, पिज्जा शॉप के इलेक्ट्रिक आयटम खाक हो गए।

# आपसी सुलह और समझौते के साथ न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण के लिए 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत

## आयोजन की तैयारियां प्रारंभ- जिला न्यायालय में हुई बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के आपसी सुलह और समझौते के साथ निराकरण के लिए आगामी 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इस लोक अदालत के आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई है। यह लोक अदालत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अजय श्रीवास्तव इन्दौर के मार्गदर्शन में आयोजित होगी।**



इसके तहत जिला न्यायालय इन्दौर, श्रम न्यायालय, परिवार न्यायालय एवं तहसील स्तर पर तहसील न्यायालय, डॉ. अम्बेडकर नगर, देपालपुर, सांवेर व हातोद में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित नेशनल लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरण राजीनामे हेतु रखे गये हैं, जिनके अंतर्गत राजीनामा योग्य आपराधिक, सिविल, मोटर दुर्घटना क्लेम, विद्युत, चेक बाउंस, बैंक रिकवरी, जलकर, भू-अर्जन, वैवाहिक, अन्य प्रकरणों के साथ ही बैंक रिकवरी, विद्युत, व अन्य से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरण राजीनामे के आधार पर निराकरण हेतु रखे जा रहे हैं।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अजय श्रीवास्तव द्वारा नेशनल लोक अदालत के संबंध में जिला मुख्यालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में पदस्थ न्यायाधीशों के साथ बैठक कर न्यायाधीशों से व्यक्तिगत रूचि लेकर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कर नेशनल लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा समस्त न्यायाधीशगण को निर्देशित किया गया कि वे उनकी न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को शीघ्र चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस जारी करें। उन्होंने कहा कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण से दोनों पक्षों के बीच कटुता समाप्त होती है एवं दोनों पक्षों की जीत होती है। अधिवक्ताओं को अपने पक्षकारों को प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराये जाने के लिए समझाइश देना चाहिए और उन्हें इसके लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि लोक अदालत का लाभ सभी को मिल सके। प्रधान न्यायाधीश ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि राजीनामा वास्तव में दो पक्षों की आपसी सहमति का विषय है और मामला वहीं समाप्त हो जाता है। लम्बे समय से चल रहे विवादों का जब समाधान के आधार पर या राजीनामे के आधार पर समापन होता है तो दोनों ही पक्षों को खुशी मिलती है।

# कंडे से अंतिम संस्कार करने पर बवाल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।इंदौर के खजराना मुक्तिधाम में एक गोभक्त के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद खड़ा हो गया, जब नगर निगम के कर्मचारियों ने गाय के कंडे से दाह संस्कार करने से इनकार कर दिया। इसको लेकर मुक्तिधाम पर काफी हंगामा हुआ और विवाद बढ़ता चला गया। लगभग 2 घंटे तक इस मुद्दे पर बहस होती रही और अंततः क्षेत्रीय पार्षद के हस्तक्षेप के बाद ही अंतिम संस्कार संभव हो पाया।**

इंदौर नगर निगम शहर के सभी श्मशान घाटों का संचालन करता है, जहां अंतिम संस्कार लकड़ी या कंडे के माध्यम से किया जाता है। नगर निगम द्वारा श्मशान घाटों पर लकड़ी और कंडे उपलब्ध कराने के लिए ठेका दिया गया है, जिससे अंतिम क्रिया के लिए आवश्यक सामग्री वहीं से प्राप्त होती है। कल खजराना श्मशान घाट पर उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब बंगाली चौराहे के पास स्थित चेतन नगर निवासी गोभक्त विष्णु शर्मा का अंतिम संस्कार करने के लिए उनके साथी पहुंचे। शर्मा लंबे समय से गोसेवा में सक्रिय थे और उन्होंने शहर में लगभग 30 गौशालाओं के संचालन में सहयोग दिया था। उनके निधन के बाद उनके गोभक्त मित्रों ने फैसला किया कि उनका दाह संस्कार गाय के कंडे से ही किया जाएगा। इसके लिए पहले से ही कुछ गोसेवक मुक्तिधाम पर पहुंच गए और अपने साथ गाय के कंडे भी लेकर आए। लेकिन जब मुक्तिधाम के कर्मचारियों ने इसे देखा, तो उन्होंने इस पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि मुक्तिधाम में गाय के कंडे से अंतिम संस्कार करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, और यदि कंडे से दाह संस्कार करना है, तो इन्हें नगर निगम द्वारा अधिकृत ठेकेदार से ही खरीदना होगा। इस बात से गोभक्त नाराज हो गए और उन्होंने नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया और निगम आयुक्त शिवम वर्मा से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन किसी ने भी कॉल नहीं उठाया। इस दौरान मृतक की शवयात्रा श्मशान घाट पहुंच चुकी थी, लेकिन अंतिम संस्कार की अनुमति को लेकर असमंजस बना रहा।

# डेंगू और मलेरिया नियंत्रण अभियान

## एम्बेड रथ हरी झंडी दिखाकर रवाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में डेंगू और मलेरिया पर नियंत्रण के लिए एम्बेड प्रोजेक्ट (फैमिली हेल्थ इंडिया) ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर एक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है। मंगलवार को रीजनल डायरेक्टर डॉ. शाजी जोसेफ, सीनियर ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. शरद गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. बी. एस. सेतिया और जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दौलत पटेल ने 'डेंगू और मलेरिया रथ' को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की।**



अभियान शहर के चारों जोन और ब्लॉकों में संचालित किया जाएगा, जिसमें माइक के माध्यम से डेंगू और मलेरिया के लक्षणों व उनके उपचार की जानकारी दी जाएगी। अभियान के अगले चरण में डेंगू और मलेरिया के मरीजों के घरों पर लार्वा सर्वे और नष्ट करने की प्रक्रिया की जाएगी। इसके साथ ही सूचना, शिक्षा और संचार (IEC) तथा व्यवहार परिवर्तन संचार (BCC) गतिविधियां भी चलाई जाएंगी। एम्बेड प्रोजेक्ट के रीजनल कोऑर्डिनेटर अवधेश सिंह के नेतृत्व में फैमिली हेल्थ इंडिया की टीम पूरे शहर में प्रचार-प्रसार की गतिविधियों को संचालित करेगी। शहरवासियों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता बनाए रखें, पानी जमा न होने दें और लार्वा पनपने से रोकने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें। यह अभियान इंदौर को डेंगू और मलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बच्चों के लिए 'दस्तक अभियान' का द्वितीय चरण हुआ प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सम्पूर्ण प्रदेश के साथ-साथ इंदौर जिले में भी आज 18 फरवरी को 'दस्तक अभियान' के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के दौरान विटामिन-ए अनुपूरण 9 माह से 5 वर्षीय समस्त बच्चों का किया जाएगा तथा एनीमिया फॉलोअप परीक्षण उन बच्चों का किया जाएगा जो दस्तक अभियान के प्रथम चरण में अल्प, मध्यम एवं गंभीर एनीमिक बच्चों के रुप में चिह्नित किए गए थे। ये सेवाएं VHSND/UHSND के दौरान दी जाएगी।**



NFHS-5 के अनुसार प्रदेश में 72.7 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से ग्रस्त हैं और प्रथम चरण की रिपोर्ट के अनुसार 54 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से ग्रस्त हैं, जिसमें से 0.4 प्रतिशत बच्चों में गंभीर एनीमिया है। इसका दुष्परिणाम यह है कि बच्चों में चिड़चिड़ापन, भूख में कमी, बच्चों का जल्दी थक जाना, सांस फूलना, आम बीमारी जैसे- सर्दी-खांसी, उल्टी, दस्त आदि बार-बार होना, उम्र के अनुसार शारीरिक एवं मानसिक विकास न होना, शरीर में सूजन आना जैसे लक्षण सम्मिलित हैं।

09 माह से 05 वर्षीय समस्त बच्चों को विटामिन-ए का अनुपूरण आयु अनुसार किया जाएगा। आहार से प्रतिदिन की आवश्यकता के कुल 50 प्रतिशत ही विटामिन-ए की पूर्ति हो पाती है। इसकी कमी से दस्त एवं खसरे के प्रकरणों में बढ़ावा मिलता है, बच्चों में रतौंधी, कार्निया का नष्ट होना एवं अंधत्व प्रमुख कारण हैं। रोगों से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है और संक्रमण की अधिकता हो जाती है। संक्रमणजनित एनीमिया में भी वृद्धि होती है और बच्चों का विकास भी प्रभावित होता है। विटामिन-ए की कमी का प्रमुख कारण माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध, (खीस न पिलाना), पहले 06 माह में 'केवल स्तनपान' न करना, 06 माह के बाद पूर्ण रुप से स्तनपान बंद कर देना, बच्चों को खिलाए जाने वाले आहार में विटामिन-ए युक्त भोजन का न होना, बार-बार खसरा एवं दस्त जैसा संक्रमण होना।

जिले में दस्तक अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. शाजी जोसेफ तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एस. सैत्या ने विटामिन-ए अनुपूरण करके किया। दस्तक दल को हरी झंडी दिखाकर फील्ड में रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद गुप्ता, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. तरुण गुप्ता, प्रभारी झोनल चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. शिवराज सिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

# इंदौर और भीकनगांव में इनकम टैक्स के छापे

## रियल एस्टेट कारोबारी और कॉटन कारोबारी निशाने पर

**इंदौर। आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह इंदौर और खरगोन के समीप भीकनगांव में रियल एस्टेट कारोबारी के यहां छापे मारे। इंदौर में मीडिया हाउस के मालिक और रियल इस्टेट कारोबारी हृदयेश दीक्षित के यहां सुबह टीम पहुंची।**

जब परिवार के लोग सोए हुए थे। दीक्षित परिवार के यहां सोमवार को पार्टी थी। इस कारण परिवार के लोग देर रात को ही घर लौटे थे और सुबह आयकर की टीम ने दस्तक दे दी। अफसरों ने सबसे पहले परिवार के सदस्यों के फोन लिए और जांच होने तक किसी को भी घर से बाहर निकलने की इजाजत नहीं दी। मीडिया हाउस के




मालिक होने के अलावा हृदयेश रियल एस्टेट कारोबार से भी जुड़े हैं। परिवार के साथ ग्लोबल ट्रेड वेंचर्स कंपनी से भी जुड़े हैं। छापा इस कंपनी की जांच के लिए ही मारा गया है। दीक्षित परिवार के यहां वर्ष 2009 में भी आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा था। तब महिला व बाल विकास विभाग के पोषण आहार के ठेके और उससे जुड़ी दो फैक्टरियों के बारे में पता चला था। इसके अलावा भीकनगांव में अनंत एग्रो एजेंसी पर भी आयकर विभाग ने जांच की। एजेंसी का कॉटन के अलावा जमीनों की खरीदी बिक्री का कारोबार है। अफसरों ने रिकार्ड खंगाले। यहां टीम सुबह चार बजे पहुंची थी।

## तलाक केस के चलते संपर्क में आए वकील ने महिला को भेजे अश्लील मैसेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एक महिला वकील ने अपने पति से तलाक के संबंध में कुटंब न्यायालय में एक वकील देवेन्द्र पेनशे को हायर किया था। इसके बाद वकील ने महिला वकील से बार-बार वॉट्सऐप और मोबाइल पर बातचीत करना शुरू किया और कुछ समय बाद उसने प्यार का इजहार करते हुए अश्लील मैसेज भेजने शुरू कर दिए। महिला ने वकील को कई बार समझाया, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद महिला ने दूसरा वकील रखा और तलाक ले लिया, लेकिन वकील देवेन्द्र ने पीछा करना बंद नहीं किया। वह महिला के घर तक पहुंच गए और फिर से मैसेज भेजने लगे। परेशान होकर महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने वकील देवेन्द्र के खिलाफ छेड़छाड़ और अश्लील मैसेज भेजने का मामला दर्ज कर लिया है।

## बैंक कर्मचारी ने महिला से छेड़छाड़ की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लसूडिया क्षेत्र में एक बैंक कर्मचारी ने एक महिला से छेड़छाड़ की। घटना 14 फरवरी की है, जब महिला के फ्लैट से सामान निकालने के लिए बैंक कर्मचारी दिलीप बघेल ने उसे अकेला पाकर उसे छेड़ लिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, महिला ने बैंक से लोन लिया था, लेकिन पारिवारिक समस्याओं के कारण वह लोन की किस्तें जमा नहीं कर पा रही थी, जिसके चलते फ्लैट को फ्रीज कर दिया गया था। 14 फरवरी को दिलीप फ्लैट में सामान निकालने आया और बल्ब निकालने के बहाने महिला को अंदर बुलाया। फिर उसने महिला का हाथ पकड़कर खींच लिया। महिला ने चिल्लाकर मदद मांगी, जिसके बाद आरोपी वहां से ताला लगाकर भाग गया। महिला ने इस घटना के बाद अपने पति को बताया और परिवार से सलाह लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी दिलीप बघेल के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज कर लिया है।

## मवेशी पकड़ने गई टीम से झूमाझटकी, पशुपालक ने धमकाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पशु पकड़ने गई इंदौर नगर निगम की टीम से विवाद के मामले में FIR दर्ज कराई गई है। मंगलवार को टीम भागीरथपुरा में सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर पशु पकड़ने पहुंची थी। यहां पर कार्रवाई के दौरान पशु पालकों ने झूमाझटकी की। एमजी रोड थाने में नगर निगम के कोंदवाड़ा विभाग में पदस्थ सुपरवाइजर राजेश शर्मा ने पशुपालक नानू यादव और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। सुबह राजेश शर्मा अपनी टीम के साथ सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर कार्रवाई करने भागीरथपुरा पहुंचे थे। जब पशु पकड़कर गाड़ी से भेजे जा रहे थे, तभी एक पशु मालिक नानू यादव साथियों के साथ पहुंचा और विवाद करने लगा। उसने सुपरवाइजर और कर्मचारियों को धमकाते हुए कहा कि वह आज किसी की हत्या कर देगा। इसके बाद जबरदस्ती पशु गाड़ी से निकालने लगा। मामले में टीम ने वरिष्ठ अफसरों को सूचित किया। इसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

## महाकुंभ मेला के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान ट्रेनों के सुगम परिचालन को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से 18 फरवरी को इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22911 इंदौर-हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। रेक की अनुपलब्धता के कारण 20 फरवरी को हावड़ा से चलने चलने वाली गाड़ी संख्या 22912 हावड़ा इंदौर-क्षिप्रा एक्सप्रेस भी निरस्त रहेगी। बता दें, इंदौर से हावड़ा के लिए चलने वाली गाड़ी रात 11.30 बजे रवाना होती है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल में महाकुंभ मेला-2025 के कारण रतलाम मंडल के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजरने वाली दो ट्रेनें प्रभावित होंगी। इंदौर के महू यानी डॉ. अंबेडकर नगर से बन कर चलने वाली डॉ. अंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस को 11 और 12 फरवरी को शॉर्ट टर्मिनेट कर दिया है। यह ट्रेन अब खजुराहो में ही रूक जाएगी।

## खुद को कुंवारा बताकर प्रेमिका बनाया पत्नी के साथ रंगेहाथ पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लसूडिया पुलिस ने 23 वर्षीय इंटीरियर डिजाइनर की शिकायत पर रेप का केस दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी राज ठाकुर (निवासी चंबल) ने खुद को अविवाहित बताकर दोस्ती की और फिर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती को उसकी शादीशुदा होने की सच्चाई पता चली और उसने विरोध किया, तो आरोपी ने धमकी देकर उसे चुप रहने को मजबूर कर दिया।

पीड़िता के अनुसार, वह विजयनगर में इंटीरियर डिजाइनिंग का काम करती थी। इसी दौरान एक शोरूम में उसकी मुलाकात राज ठाकुर से हुई, जिसने खुद को शेयर मार्केट का कारोबारी बताया। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और राज ने शादी का प्रस्ताव रखा। राज ने लगातार दो महीने तक शादी का दबाव बनाया और इसी दौरान युवती के रूम पर आकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। बाद में उसने भरोसा दिलाया कि वह जल्द ही शादी करेगा। इसके बाद वह अक्सर युवती के रूम पर आकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। वैलेंटाइन डे पर राज जब युवती के रूम पर आया, तब वहां उसकी दादी भी मौजूद थीं। दादी को देखकर राज ने विवाद शुरू कर दिया और मारपीट कर वहां से चला गया। जब पीड़िता उसका पीछा करते हुए उसके घर पहुंची, तो वहां एक महिला मिली। पूछताछ करने पर राज ने उसे अपनी पत्नी बताया। जब युवती ने विरोध किया, तो राज ने धमकी दी कि उसके पास युवती के फोटो और वीडियो हैं, जिन्हें वह वायरल कर देगा। डर के कारण युवती वापस अपने घर लौट गई। बाद में दादी को पूरी घटना बताई और सोमवार को लसूडिया थाने में शिकायत दर्ज कराई। लसूडिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

## पड़ोसी महिला से की छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पड़ोसी नीरज चौहान के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। महिला ने आरोप लगाया कि नीरज लगातार उसका पीछा करता था और बात करने के लिए दबाव बनाता था। 17 फरवरी की रात, जब महिला घर से दूसरे घर जा रही थी, तब अंधेरी गली में नीरज खड़ा हो गया और उसे आगे बढ़ने से रोका। महिला के मुताबिक, जब उसने उसे हटाकर आगे बढ़ने की कोशिश की, तो नीरज ने उसका हाथ पकड़कर एक बार बात करने का दबाव डाला। महिला ने डर के मारे चिल्लाया, जिससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। इसके बाद नीरज ने महिला के चरित्र पर अनाप-शनाप टिप्पणियां कीं और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर नीरज चौहान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## प्राइवेट गाड़ी में लगी लाल बत्ती पर आईपीएस का 'रेड सिग्नल'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की सड़कों पर सोमवार रात कुछ ऐसा हुआ कि गाड़ी में लगी लाल बत्ती से ज्यादा लोगों की आंखें चमक उठी। हुआ यूं कि आजाद नगर में एसीपी करणदीप सिंह चेकिंग कर रहे थे। तभी उनकी नजर एक स्कॉर्पियो पर पड़ी, जो सरकारी रौब झाड़ने के लिए लाल बत्ती से सजी हुई थी। जब यह गाड़ी नजदीक पहुंची तो पता चला कि सरकारी नहीं, बल्कि प्राइवेट वाहन है।**

एसपी आजाद नगर में देर रात को वाहन चेकिंग व्यवस्था संभाल रहे थे। इसी दौरान एक स्कॉर्पियों गाड़ी को रोका गया। यह गाड़ी तो प्राइवेट थी लेकिन वह लाल बत्ती से सजी हुई थी।




एसीपी ने जब चेकिंग के दौरान गाड़ी को रोका और ड्राइवर हर्ष से पूछा कि, ये लाल बत्ती लगाने का परमिट कहां से मिला? तो वह घबरा गया। कभी जेबें टटोलने लगा, कभी फोन में परमिशन खोजने लगा, लेकिन हाथ कुछ नहीं लगा। इधर एसपी का ड्राइवर से सवाल हुआ, उधर उसके जवाब गायब! जब हर्ष कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। तब फिर क्या था एसीपी ने मौके पर ही पुलिसवालों को लाल बत्ती हटाने के आदेश दिए। इसके बाद देखते ही देखते गाड़ी से वह रौबदार लाइट गायब हो गई। लाल बत्ती से सजी गाड़ी जोनल अधिकारी की बताई जा रही है। इतना ही नहीं ने पुलिस ने हर्ष की शराब टेस्टिंग भी करवा ली, जिसमें वह निर्दोष पाया गया। उसने किसी तरह की मदिरा का सेवन नहीं किया था। लेकिन चालानी कार्रवाई के साथ सख्त चेतावनी दे दी गई। एसपी ने कहा कि अगली बार गाड़ी सीधा जब्त होगी। इसी चेकिंग के दौरान शराब पीकर गाड़ी चला रहे 5 और चालकों के चालान काटे गए और गाड़ियां थाने भेज दी गईं।

दिलचस्प बात ये रही कि एक दिन पहले ही तेजाजी नगर में भी एसीपी ने 'बाणेश्वरी' लिखी एक इंडेवर से सायरन हटवाया था। उस गाड़ी का ड्राइवर खुद को विधायक का रिश्तेदार बता रहा था। हालांकि साहब ने भाव नहीं दिया और हूटर निकलवा दिया। अब शहर के रौब झाड़ने वाले 'साहबों' में हड़कंप है। कहीं अगला नंबर उनकी गाड़ी का तो नहीं?

60 देशों के प्रतिभागी शामिल होंगे, 18 हजार 736 प्रतिभागियों ने आने की सहमति भी दी

# जीआईएस में प्रधानमंत्री श्री मोदी लांच करेंगे प्रदेश की विभिन्न औद्योगिक नीतियां : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## भोपाल आने वाले सभी निवेशक हमारे विशेष अतिथि उनका स्वागत भारतीय परम्परा से करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के सुव्यवस्थित बेहतर आयोजन के लिए गठित शीर्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे दो दिवसीय जीआईएस का शुभारंभ कर मध्यप्रदेश की सभी नवीनतम औद्योगिक नीतियों की लॉन्चिंग भी करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जीआईएस परिसर में स्थापित किये जाने वाले एमपी एक्सपीरियंस जोन का अवलोकन भी करेंगे। इस जोन में इमर्सिव डिजिटल वॉक-थ्रू के रूप में मध्यप्रदेश की विरासत, अब तक की प्रगति और भावी आकांक्षाओं का समन्वित संयोजन एवं प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीआईएस को भव्य, सुव्यवस्थित और परिणामदायी बनाने के लिए सभी विभाग बेहतर समन्वय एवं



सामंजस्य से कार्य करें।

**आयोजन को बनाएं ऐतिहासिक-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देशित किया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से की जा रही है। इसीलिए आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी तैयारियां व्यापक स्तर पर की जायें। जीआईएस के आयोजन में प्रबंधन संबंधी कोई भी कमी न रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि निवेशकों को सहज आकर्षित करने के लिए राज्य की सभी निवेशक हितैषी औद्योगिक नीतियों, म.प्र. में उद्योगों के लिए उपलब्ध व्यापक अधोसंरचनाओं और संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को इंडस्ट्री फ्रेंडली स्टेट बनाने के लिए निवेशकों को वांछित सभी जरूरी सहायता एवं सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।

**देश-विदेश से आने वाले निवेशक हमारे विशेष अतिथि-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीआईएस में देश-विदेश से भोपाल आने वाले निवेशक हमारे विशेष अतिथि हैं, इसलिए उनका स्वागत व अभिनंदन विशुद्ध भारतीय आतिथ्य परम्परा से किया जाए। इन दो दिनों को स्मरणीय बनाने के लिए मध्यप्रदेश की संस्कृति, यहां की सत्कार परम्परा, विभिन्न कला उत्पादों सहित यहां के खान-पान, व्यंजन आदि का विशेष रूप से प्रदर्शन किया जाए, जिससे निवेशक दो दिन मध्यप्रदेश में रहने के शानदार अनुभव लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने भोपाल के तालाबों एवं पूरे शहर का आकर्षक सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़ी झील में पाल-नौकायन और ई-बैटरी से चलित नौकाओं का संचालन किया जाए, जिससे निवेशक और दूसरे प्रतिभागी भोपाल के अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ ले सकें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि इस समिट से प्रदेश में औद्योगिक विकास को नया आयाम मिलेगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने निवेशकों को बेहतर सुविधाएं देने और सुगम प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि जीआईएस में 60 से अधिक देश के प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें जिम्बाब्वे के उप मंत्री सहित 10 देशों के राजदूत, 8 देशों के उच्चायुक्त, 7 देशों के काउंसलेट जनरल सहित कुल 133 विदेशी प्रतिभागी शामिल होंगे। जीआईएस में देश के प्रमुख उद्योगपतियों सहित भारत की अग्रणी कंपनियों को 300 से अधिक अध्यक्ष, एमडी और सीईओ भी प्रतिभागी के रूप में शामिल होंगे। जीआईएस में 6 विभागीय सम्मेलन, 6 कंट्री सेशन एवं 10 सेक्टोरल सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। बताया गया कि जीआईएस में अब तक विभिन्न श्रेणियों में 31 हजार 659 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। इनमें से 18 हजार 736 से अधिक प्रतिभागियों ने भोपाल आने की सहमति भी दी है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि जीआईएस आयोजन परिसर में ही 'एक जिला-एक उत्पाद' श्रेणी के सभी उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए एक पूरा गांव तैयार किया जा रहा है। परिसर में पारम्परिक मिट्टी के बर्तनों, टेराकोटा हस्तनिर्मित मिट्टी की कलाकृतियां एवं म.प्र. की प्रख्यात मूर्तिकला के शिल्पों का भी विशेष प्रदर्शन किया जाएगा।

# मॉडल इलेक्ट्रिक सिटी बनेंगे भोपाल-इंदौर समेत 5 शहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन को मॉडल इलेक्ट्रिक सिटी के रूप में डेवलप किया जाएगा। यहां ज्यादा से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों के चलाने पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए ई-व्हीकल में रजिस्ट्रेशन में 15 से लेकर 80 फीसदी तक की छूट दी जाएगी।**

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले मोहन कैबिनेट की मंगलवार को बैठक हुई। इसमें 7 पॉलिसीज को मंजूरी दी गई। इसमें इंटीग्रेटेड टॉउनशिप पॉलिसी भी शामिल है। इसके तहत किसान अगर मिलकलर टाउनशिप डेवलप करना चाहते हैं तो सरकार उनकी मदद करेगी। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक जिन नीतियों को मंजूरी दी गई उसमें इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी के अलावा एमएसएमई, ईवी, स्टार्टअप, विमानन, नवीकरणीय ऊर्जा और अविकसित भूमि आवंटन नीति शामिल हैं। इससे पहले पिछले मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 7 नीतियों और 10 उप नीतियों को मंजूरी दी जा चुकी है। सभी नीतियां और उप नीतियां 24 -25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रखी जाएंगी। वाहनों के चार्जिंग स्टेशन बनाने के सब्सिडी दी जाएगी। पेट्रोल पम्प पर ही चार्जिंग स्टेशन बनाने की अनुमति दी जाएगी। दो साल के भीतर प्रदेश के सभी सरकारी वाहन को ईवी में कन्वर्ट किया जाएगा। इस अवधि में 80 फीसदी वाहन ईवी में बदले जाएंगे। मॉडल इलेक्ट्रिक व्हीकल सिटी के रूप में पांच शहरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन को डेवलप किया जाएगा। यहां ई-व्हीकल के रजिस्ट्रेशन में दो पहिया वाहन में 40, कॉमर्शियल 100, तिपहिया वाहन के लिए 80, चार पहिया के लिए 15 प्रतिशत और इलेक्ट्रिक बस के लिए 40 फीसदी छूट दी जाएगी।

# नगर निगम के स्वच्छता एंबेसडर पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़, एजेंसी।** छिंदवाड़ा देहात पुलिस ने नगर निगम के स्वच्छता एंबेसडर और जिम ट्रेनर उत्सव बैरागी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। देहात थाना प्रभारी जी.एस. राजपूत के अनुसार, परासिया रोड स्थित यूटू फिटनेस जिम में ट्रेनर के रूप में कार्यरत उत्सव बैरागी की मुलाकात वहां आने वाली एक युवती से हुई। जान-पहचान बढ़ने के बाद उत्सव ने शादी का झांसा देकर चार साल तक युवती का शोषण किया। जब पीड़िता ने विवाह की बात की, तो उसने इनकार कर दिया। इसके बाद, सोमवार देर शाम युवती ने देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने उत्सव बैरागी के खिलाफ 69 बीएनएस की धारा 351 (3) (2) (5) और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी उत्सव बैरागी पहले यूटू फिटनेस जिम में ट्रेनर था। इस जिम में पहले भी युवतियों के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आई थीं, लेकिन बदनामी के डर से शिकायतें पुलिस तक नहीं पहुंच पाई थीं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# ओंकारेश्वर चेन स्नेचिंग केस में इंदौर की 3 महिलाएं गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ओंकारेश्वर, एजेंसी।** ओंकारेश्वर में चेन स्नेचिंग की लगातार दो घटनाएं सामने आई हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने तीन महिलाओं को हिरासत में लिया। सभी इंदौर के राजेंद्र नगर क्षेत्र स्थित भीमनगर मल्टी की रहने वाली है। पूछताछ के दौरान उन्होंने वारदात कबूल की।

फिलहाल उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद नहीं हो पाया है। आगे की पूछताछ के लिए पुलिस ने आरोपी महिलाओं को एक दिन की रिमांड पर लिया है। दो महिला आरोपी को सोमवार को कस्टडी में लिया था। उन्हीं की निशानदेही पर तीसरी आरोपी रानी पति मनोज को मंगलवार को गिरफ्तार किया। ओंकारेश्वर तहसील कोर्ट में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया है। 14 फरवरी के दिन ममलेश्वर मंदिर के गर्भ गृह में महाराष्ट्र से आए एक परिवार की वृद्ध महिला के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात हो गई। वह दर्शन कर रही थी तभी महिला चोर गिरोह ने धक्का-मुक्की कर दी। इससे परिजन का ध्यान भटक गया। इसी बीच चोर ने महिला के गले से डेढ़ लाख की सोने की चेन चुरा ली। महाराष्ट्र के बरणगांव में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में जॉब करने वाले वृद्धा



के बेटे संदीप वरसले ने रविवार को पुलिस से शिकायत की थी। चेन स्नेचिंग की दूसरी घटना भी ममलेश्वर मंदिर में हुई। महाराष्ट्र के थाणे जिला निवासी ताराबाई पति पंडरीनाथ कदम (60) के साथ वारदात हुई थी। वृद्धा 17 फरवरी सोमवार को ममलेश्वर मंदिर में दर्शन करने पहुंची थी। शाम करीब 5 बजे महिला चोर गिरोह ने उसके गले से डेढ़ लाख रूपए कीमत का मंगलसूत्र चुरा लिया।

# ट्रक ने 5 दोस्तों को कुचला, 4 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** रीवा में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार 5 युवकों को कुचल दिया। इसमें चार युवकों की मौत हो गई। एक युवक की हालत गंभीर है। ट्रक की चपेट में आने से चारों के शव के टुकड़े-टुकड़े हो गए। पांच घंटे तक शव वहीं पड़े रहे। पुलिस को पोटली में शव को ले जाना पड़ा। हादसा मंगलवार सुबह करीब 8 बजे बंकुइया में हुआ। युवकों की मौत से भड़के परिजन और ग्रामीणों ने जेरुका में चक्काजाम कर दिया। इससे 5 किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गई।मृतकों की पहचान आशीष साकेत, शिवबहादुर साकेत, सागर साकेत और नवीन साकेत के रूप में हुई। परिजन ने आरोप लगाया कि ट्रक ड्राइवर की लापरवाही के कारण हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा। पुलिस ने बताया कि एक ही बाइक पर 5 लोग सवार थे। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# आपका टीका नहीं चाहिए, आपने मुझे बेटी दे दी, इससे ज्यादा क्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** शहर के सिया मैरिज गार्डन में मंगलवार की दोपहर एक परिवार में फलदान चल रहा था। फलदान की रस्म अदा होने के बाद दूल्हे के पिता ने अचानक से लड़की वालों द्वारा लाया गया टीका लौटा दिया। यह देख समारोह में सन्नाटा छा गया। दुल्हन के पिता को किसी अनहोनी की आशंका हुई तो उन्होंने दूल्हे के बेटे से बात की और पूछा कि कोई गलती हो गई क्या। इस पर दूल्हे के पिता ने उन्हें गले लगाते हुए कहा कि कोई गलती नहीं हुई लेकिन मुझे आपका टीका नहीं चाहिए, आपने मुझे बेटी दे दी, इससे ज्यादा क्या चाहिए। यह देख समारोह में छाया सन्नाटा एक बार फिर हंसी ठहाकों से गूंज उठा। दरअसल 18 फरवरी को ग्राम ठेह निवासी वीरेंद्र सिंह धाकड़ के छोटे बेटे रविंद्र धाकड़ की शादी थी। चूंकि वीरेंद्र दिल्ली में इनकम टैक्स इंस्पेक्टर है, इसलिए परिवार वाले टीके में पांच लाख 51 हजार रुपये लेकर आए थे। टीके की रस्म अदा होने के बाद वीरेंद्र ने जब टीके की थाली वापस की तो लोगों को लगा कि कुछ गलत तो नहीं हो गया।

## संपादकीय

# कराची में लहराया भारतीय तिरंगा

ड्रामेबाज पाकिस्तान एक बार फिर भारत के आगे घुटनों पर है। पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से ठीक पहले कराची के नेशनल स्टेडियम में भारतीय तिरंगा लहराता दिखा। इससे कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक हरकत ने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया था। गद्दाफी स्टेडियम का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें भारत को छोड़कर सभी भाग लेने वाले देशों के झंडे स्टेडियम की छत पर दिख रहे थे। इस घटना ने भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट संबंधों में एक नया विवाद खड़ा कर दिया। पीसीबी ने बाद में सफाई दी कि यह आईसीसी का निर्देश था। बीसीसीआई ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि मेजबान देश में भारतीय झंडे को जगह मिलनी चाहिए थी। यह पूरा मामला चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आयोजन से जुड़ा है। दरअसल, टूर्नामेंट पाकिस्तान में हो रहा है। भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान नहीं गई। इसलिए भारत के मैच दुबई में हो रहे हैं। यह हाइब्रिड मॉडल आईसीसी ने अपनाया है। इस पूरे मामले में पीसीबी और बीसीसीआई के बीच पहले से ही तनाव चल रहा था। सिवाय भारत के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में गद्दाफी स्टेडियम में सभी देशों के झंडे दिख रहे थे। इससे लोगों को लगा कि पीसीबी ने जानबूझकर भारतीय झंडा नहीं लगाया। ऐसा लोगों ने अनुमान लगाया कि यह बीसीसीआई के पाकिस्तान न जाने के फैसले का बदला हो सकता है। इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर खूब हंगामा मचाया, लोगों ने पीसीबी की आलोचना की। कराची के नेशनल स्टेडियम में बाद में हालांकि भारतीय तिरंगा देखा गया। यह मैदान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहले मैच की मेजबानी करने वाला था। इससे पहले की घटना के बाद यह एक राहत की बात थी। इससे लगा कि शायद मामला सुलझ गया है। पीसीबी ने इस विवाद पर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि यह आईसीसी का निर्देश था। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान को आईसीसी ने सलाह दी है कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैच के दिन केवल चार झंडे फहराए जाएंगे - आईसीसी (इवेंट अथॉरिटी), पीसीबी (इवेंट होस्ट) और उस दिन प्रतिस्पर्धा करने वाली दोनों टीमें। सीधी सी बात है। दूसरी ओर, बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा- पहले यह पुष्टि की जानी चाहिए कि भारतीय झंडा वहां था या नहीं। अगर यह वहां नहीं था तो इसे लगाया जाना चाहिए था। सभी भाग लेने वाले देशों के झंडे वहां होने चाहिए थे। इस घटना ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट संबंधों में एक और तनाव पैदा कर दिया। हालांकि, बाद में भारतीय झंडा लगाया जाना एक सकारात्मक कदम था।

## OSHO कहिन

"मनुष्य के अंदर प्रेम जितना गहरा होता है, उतना ही वह दूसरों को स्वतंत्रता देने में सक्षम होता है।"



## ज्ञान-विज्ञान

# मुंबई-कोलकाता बन सकते हैं मलबे का ढेर

### नासा ने बढ़ाई एस्टेरॉयड 2024 YRF के टकराने की संभावना, परमाणु बम से ज्यादा तबाही का खतरा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पृथ्वी की तरफ बढ़ रहे विशाल एस्टेरॉयड (क्षुद्रग्रह) ने वैज्ञानिकों की चिंता को एक फिर बढ़ा दिया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपने नए अध्ययन में पाया है कि 2024 YR4 नाम के इस एस्टेरॉयड की पृथ्वी से टकराने की संभावना ज्यादा हो गई है। नासा ने इसके पृथ्वी से टकराने के जोखिम को बढ़ाकर 3.1 फीसदी कर दिया है। नासा ने पहले इसकी धरती से टक्कर की संभावना 2.3 प्रतिशत आंकी थी। ऐसे में एस्टेरॉयड के पृथ्वी से टकराव की ये संभावना चिंता को बढ़ाने वाली है। इस एस्टेरॉयड से जिन शहरों को सबसे ज्यादा खतरा है, उनमें भारत का मुंबई और कोलकाता भी है।

लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक, नासा का मानना है कि ये क्षुद्रग्रह साल 2032 में पृथ्वी के पास से गुजरेगा। इस दौरान इसकी टक्कर की संभावना 3.1 प्रतिशत या 32 में 1 है। इससे पहले 7 फरवरी को नासा ने इस क्षुद्रग्रह के पृथ्वी से टकराने की संभावना को 1.2 से बढ़ाकर 2.3 फीसदी किया था। इसके बाद इस खतरे को बढ़ाकर 2.6 किया गया और अब यह संभावना बढ़कर 3.1 फीसदी कर दी गई है। इस एस्टेरॉयड के चांद से टकराने की भी 0.3 प्रतिशत संभावना है।

### इन शहरों पर सबसे ज्यादा खतरा

एस्टेरॉयड 2024 YR4 पृथ्वी के किस हिस्से से टकराएगा। ये पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। अगर टक्कर की संभावना बनती है तो यह जगह पूर्वी प्रशांत महासागर, उत्तरी दक्षिण अमेरिका, अटलांटिक महासागर, अफ्रीका, अरब सागर और दक्षिण एशिया में कहीं हो सकती है। इस संकट को देखते हुए इस पूरे क्षेत्र को 'जोखिम गलियारा' माना गया है।

इस एस्टेरॉयड यानी 2024 YR4 से जिन शहरों को सबसे ज्यादा खतरा है। उनमें भारत का मुंबई और कोलकाता और बांग्लादेश की राजधानी ढाका शामिल है। कोलंबिया की राजधानी बोगोटा भी इसकी चपेट में आ सकती है। पश्चिम अफ्रीका का बड़ा शहर अबिदजान, नाइजारिया का लागोस और सूडान की राजधानी खार्तूम भी इसमें शामिल है।

### कितना खतरनाक है ये एस्टेरॉयड

क्षुद्रग्रह 2024 YR4 करीब 177 फीट (54 मीटर) चौड़ा है, जो पीसा की झुकी हुई मीनार जितना ऊंचा है। यह पृथ्वी से टक्कर की सूरत में एक बड़े शहर को मलबे के ढेर में बदल सकता है। अगर यह पृथ्वी से टकराता है तो करीब 8 मेगाटन ऊर्जा छोड़ेगा। यह हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 500 गुना अधिक ऊर्जा है।

एक्सपर्ट का कहना है कि अभी भी 96.9 फीसदी संभावना है कि यह क्षुद्रग्रह पृथ्वी से टकराएगा नहीं लेकिन बाकी 3.1 की संभावना के खतरे को कम करके नहीं आंका जा सकता है। शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि जैसे-जैसे इसकी ट्रेजेक्टरी (प्रक्षेपवक्र) के बारे में ज्यादा जानकारी मिलेगी, टकराव की संभावना कम होगी। ये संभावना शून्य तक भी जा सकती है।

वैज्ञानिक इस क्षुद्रग्रह के बारे में अधिक जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश में लगे हैं। इससे उन्हें इसके रास्ते का अधिक सटीक अनुमान लगाने में मदद मिलेगी। वैज्ञानिकों की एक टीम को YR4 का अध्ययन करने के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का उपयोग करने की अनुमति दी गई है। एक्सपर्ट का कहना है कि जल्दी ही इस बारे में ज्यादा जानकारी मिलेगी।

Uttarpradesh

# ममता के 'मृत्यु कुंभ' वाले बयान पर फूटा संतों का गुस्सा, बोले- केजरीवाल जैसा होगा उनका भी हाल

**प्रयागराज, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहे जाने पर संत समाज ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और उनके बयान को सनातन धर्म का अपमान बताया है. संतों ने ममता बनर्जी से सार्वजनिक माफी की मांग की है. श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के राष्ट्रीय सचिव महंत जमुना पुरी ने कहा कि ममता बनर्जी जिस जिम्मेदार पद पर हैं, वहां रहते हुए उनको इस तरह का बयान देना शोभा नहीं देता. उन्होंने कहा, 'प्रयागराज महाकुंभ अमृत पर्व है, जिसकी दिव्यता और भव्यता पूरी दुनिया ने देखी है. उन्हें महाकुंभ के नाम के साथ ऐसे अपमानजनक शब्दों का



इस्तेमाल नहीं करना चाहिए.'

पंच दशनाम आह्वान अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरि ने तृणमूल कांग्रेस (TMC) सुप्रीमो के बयान की कड़ी आलोचना की और कहा, 'पश्चिम बंगाल हिंदू सनातनियों के लिए मृत्यु प्रदेश बनता जा रहा है. हजारों सनातनियों का नरसंहार किया जा रहा है और चुनाव के समय लाखों हिंदुओं को पलायन करना पड़ रहा है. उन्हें अपने राज्य की चिंता करनी चाहिए, उत्तर प्रदेश की नहीं. महाकुंभ के शानदार आयोजन के लिए पूरे विश्व से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ मिली है. उन्होंने भव्य आयोजन के साथ एक नया इतिहास रचा है.'

Haryana

## हरियाणा में कांग्रेस को नया झटका, निकाय चुनाव से पहले छोड़ गए 50 नेता; मनाने पर भी नहीं माने

**करनाल, (एजेंसी)** हरियाणा में 2 मार्च को निकाय चुनाव होने हैं और उससे पहले करनाल में कांग्रेस को करारा झटका लगा है। कांग्रेस के करीब 50 नेताओं ने भाजपा जॉइन कर ली है। इस दौरान चीफ मिनिस्टर नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद थे। भाजपा से जुड़ने वाले नेताओं में हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरपर्सन त्रिलोचन सिंह, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक खुराना, करनाल नगर निगम के पूर्व चेयरपर्सन बलविंदर कालरा शामिल थे। इसके अलावा आप लीडर संजय बिंदल, कांग्रेस के ओबीसी सेल के जिलाध्यक्ष संजय चंदेल के अलावा कई पूर्व पार्षदों ने भी भाजपा जॉइन कर ली। कांग्रेस नेता निट्टू मान ने भी भाजपा जॉइन कर ली। करनाल सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है और कांग्रेस के कुछ और नेताओं के आने से पार्टी मजबूत होगी। यहां से भाजपा ने रेनू बाला गुप्ता को मेयर कैंडिडेट बनाया है। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा, 'मैं भाजपा के नेताओं का स्वागत करता हूं।

Uttarpradesh

## लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा अज्ञात वाहन से भिड़ी कार, एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**फिरोजाबाद, (एजेंसी)** शिकोहाबाद के नसीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस पर बुधवार सुबह साढ़े चार बजे प्रयागराज कुंभ से वापस दिल्ली जा रहे कार सवार की गाड़ी माइल स्टोन 52.600 किलोमीटर पर आगे चल रहे किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों को पुलिस ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं मृतकों के शवों को फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भिजवाया है।

**मृतकों के नाम-** कुणाल पुत्र स्व. इनर देव सिंह 35 वर्ष, रंजीत पुत्र रविंद्र 45 वर्ष, 3. प्रेमलता कुमारी पुत्री रंजीत 20 वर्ष, निवासीगण



आजादपुर थाना नॉर्थ वेस्ट दिल्ली।

घायलों के नाम- चालक माधव पुत्र ओमेश्वर सैनी निवासी ग्राम बडसू थाना रतनपुरी जिला मुजफ्फरनगर यूपी, रूपा देवी पत्नी कुणाल निवासी आजादपुर थाना नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, रीता देवी पत्नी रंजीत निवासी आजादपुर थाना नॉर्थ वेस्ट दिल्ली

Tamil Nadu

## सनातन के बाद अब हिंदी के विरोध में उदयनिधि स्टालिन, बोले- इसने खत्म कर दीं कई भाषाएं



**चेन्नई, (एजेंसी)** खुले मंच से सनातन धर्म के विरोध के बाद अब तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के निशाने पर हिंदी भाषा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि हिंदी की वजह से तमिल भाषा खत्म हो सकती है। इस दौरान उन्होंने फंड के मुद्दे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। 2023 में स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना कोविड जैसी बीमारियों से की थी।

मंगलवार को राजधानी चेन्नई में विपक्षी गठबंधन INDIA के दलों ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान स्टालिन ने कहा, 'हिंदी ने उत्तर में राज्यों की स्थानीय भाषा जैसे राजस्थानी, हरियाणवी, भोजपुरी और अन्य बिहारी भाषाओं को खत्म कर दिया है और प्रमुख स्थानीय भाषा बन गई है। अगर तमिलनाडु में इसे लागू किया गया, तो यहां भी ऐसा ही होगा।'

उन्होंने कहा, 'विदेश और ISRO जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में काम कर रहे लगभग 90 फीसदी तमिल ऐसे स्कूलों में थे, जहां हिंदी नहीं पढ़ाई जाती।' उन्होंने कहा कि बीते 100 सालों में शिक्षा और हिंदी लागू करने के मुद्दे पर तमिलनाडु में बड़े प्रदर्शन हुए हैं। उन्होंने कहा, 'थलमुथु, नटराजन और कीझपालुर चिन्नास्वामी जैसे शहीदों ने राजनीति नहीं, बल्कि तमिल के लिए अपनी जान गंवा दी। हमारी भाषा के लिए जान देने के लिए हजारों लोग तैयार हैं।'

खेल

# आज चैम्पियंस ट्रॉफी का आगाज... पहले ही मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगी न्यूजीलैंड टीम

**कराची, (एजेंसी)** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट का इंतजार खत्म होने जा रहा है. आखिरकार वो दिन आ ही गया, जब खिलाड़ियों का जलवा देखने के लिए बेताब क्रिकेट फैन्स इस वनडे टूर्नामेंट को करीब से देखेंगे. आज (19 फरवरी) पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में ओपनिंग मैच खेला जाएगा, जिसके साथ ही टूर्नामेंट का आगाज होगा.

शायद ही किसी क्रिकेट आयोजन में इतना तनाव, दो अहम प्रतिभागियों के दो प्रशासनिक बोर्ड की जिद और मेजबान स्टेडियमों की तैयारियों को लेकर आशंकाएं देखने को मिली हों, लेकिन एक बार जब पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के कप्तान पहले मैच के टॉस के लिए उतरेंगे तो मैदान से बाहर की ये सारी बातें हाशिये पर चली जाएंगी. पाकिस्तान ने पिछली बार 2017 में खिताब जीता था.




भारत और पाकिस्तान की टीमें 23 फरवरी को आमने-सामने होंगी. दो चिरप्रतिद्वंद्वियों के बीच मुकाबले को 'महामुकाबला' नाम दिया जाता है. ऐसा मुकाबला जिसमें दोनों ओर की भावनाएं उमड़ेंगी, यादों की परतें खोली जाएंगी. इतना ही नहीं मैच के दौरान और इसके बाद भी सोशल मीडिया किसी अखाड़े से कम नहीं दिखेगा.

भारतीय टीम खिताब की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी, लेकिन एक चूक उसके सारे समीकरण बिगाड़ सकती है. ऐसा ही कुछ वनडे वर्ल्ड कप-2023 फाइनल में हुआ, जब पूरे टूर्नामेंट में उम्दा प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम खिताबी मैच हार गई थी.

सिनेमा

## 'छावा' 4 दिन में बनी बॉलीवुड की सबसे बड़ी फिल्म, पुष्पा 2 को पछाड़ कर बनाया रिकॉर्ड




विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' ने पहले ही दिन से थिएटर्स में जैसा माहौल जमाया उससे साफ था कि पहले वीकेंड में ये फिल्म धुआंधार कमाई करने वाली है. 'छावा' ना सिर्फ उम्मीदों पर खरी उतरी, बल्कि इसने सरप्राइज किया और सारे अनुमानों से आगे बढ़कर कलेक्शन किया.

हालांकि, फिल्म की बॉक्स ऑफिस लाइफ का असली फैसला सोमवार से होता है. हफ्ते का पहला वर्किंग डे, बीते वीकेंड में अच्छी रफ्तार से कमाई करती आ रही किसी भी फिल्म के रास्ते में स्पीड ब्रेकर बन सकता है. मगर विक्की कौशल के फैन्स के लिए अच्छी खबर ये है कि 'छावा' ने मंडे का ये टेस्ट ना सिर्फ पास किया है, बल्कि बेहतरीन परफॉर्मेंस भी दी है.

बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले सोमवार का सामना 'छावा' ने तगड़ी दहाड़ के साथ किया. वीकेंड में 121 करोड़ रुपये का कलेक्शन करके आ रही इस फिल्म की कमाई मंडे को दमदार लेवल पर बनी रही.

संडे को 'छावा' का कलेक्शन 49 करोड़ रुपये था. सोमवार की ट्रेड रिपोर्ट्स बताती हैं कि 'छावा' की कमाई में संडे के मुकाबले लगभग 50% की ही गिरावट आई. विक्की कौशल की फिल्म ने सोमवार को 24 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. इसके साथ ही अब 4 दिन में 'छावा' की कुल कमाई 145 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई है. इस कलेक्शन के साथ अक्षय कुमार की 'स्काई फोर्स' (130 करोड़) को पीछे छोड़ते हुए, 'छावा' इस साल की सबसे बड़ी बॉलीवुड फिल्म भी बन गई है.

## Highlights

1. Killings in B'desh were orchestrated by 'mobster' Yunus: Hasina

2. IAS officer accuses SP leader Udaiveer Singh of grabbing his wife's land in Lucknow

3. Over 55.56 cr people took holy dip in Maha Kumbh Mela in Prayagraj

4. Gyanesh Kumar takes charge as the new Chief Election Commissioner

5. SUV rams into 7 security guards near Mumbai, video shows driver reversing & hitting them again

# Apple iPhone SE 4 launch today: Time, where to watch, expected price, features

**NEW DEIHI, (Agency).** Apple is launching its highly anticipated iPhone SE 4 on Wednesday, with the device bringing in significant upgrades such as a refreshed design, OLED display, Apple's in-house 5G modem, and the powerful A18 chip.

There are also rumours that Apple might even rebrand the device as the iPhone 16E instead of continuing with the SE series.

Where to watch the Apple iPhone SE 4 launch event and at what time?

The Apple iPhone SE 4 launch event will take place at 10:00 AM PT, which translates to 11:30 PM IST in India.

The event will be held at Apple Park in Cupertino, California, and will be hosted by Apple CEO Tim Cook and other senior executives.



However, it will also be streamed live worldwide and can be watched through Apple's official website, its YouTube Channel, the Apple TV app, and also through Apple's social media handles (Twitter, Facebook, Instagram).

Expected price of the Apple iPhone SE 4 Price in the US and other countries

The new Apple iPhone SE 4 is expected to be priced at $499 in the US, somewhere between ₹50,000 and ₹55,000 in India, around £449 in the UK, €529 in Europe, and CAD 680 in Canada, according to an Economic Times report.

However, the prices may be higher if Apple chooses to rebrand the device as the iPhone 16E.

Pre-orders are likely to start from February 23, 2025, while deliveries may begin from March 1.

The USA, Canada, UK, and India may be among the first markets to get the device.

# Nvidia shares almost recover from DeepSeek rout after Grok 3 launch, huge South Korean order

**NEW DEIHI, (Agency).** Semiconductor giant Nvidia's shares have almost recovered from the losses it experienced after Chinese Artificial Intelligence (AI) startup DeepSeek launched its low-cost AI model.

Nvidia Corporation Common Stock closed at $139.40 on the tech-heavy Nasdaq after the trading session ended on Tuesday, February 18, 2025. This was a rise of 0.40% or $0.55.

This comes after Elon Musk's AI startup xAI launched Grok 3 and an announcement




came of the South Korean government looking to order a huge number of chips from the chip maker. The DeepSeek launch impacted Nvidia stocks since the model used older versions of Nvidia chips and still claimed to rival established Silicon Valley giants such as OpenAI's ChatGPT. Before the DeepSeek model was launched, Nvidia shares were trading around $142 a piece. After its launch, the shares plummeted by 17% on January 27, reducing chip maker's market capitalization by nearly $600 billion. this was the record biggest one-day loss ever by a US-based company.

Things are looking up for Nvidia in other ways as well. The South Korean government has announced plans to acquire 10,000 Graphics-Processing Units (GPUs) from it as the country looks to build a national AI computing center.

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक